


एक अरब कथा

राजा का वादा


चित्र: पेकारोव्स्का एस.

हिंदी: अरविन्द गुप्ता



There was a King who lived in a grand palace.

एक राजा था जो एक भव्य महल में रहता था.



He lived with a Queen and Prince and they have many servants and cooks.

राजा अपनी रानी और राजकुमार के साथ महल में रहता था. उसके कई नौकर और रसोइए थे.




The King and everybody in the palace liked sweets very much.

राजा समेत महल में सभी लोगों को मिठाइयां बहुत पसंद थीं.



The King's cooks made the best sweets.
Fragrance of them spread in the town.

राजा के रसोइए बेहद उत्तम मिठाइयां बनाते थे.
जल्द ही मिठाइयों की सुगंध पूरे शहर में फैल गई.




But the poor people had no tasty things to eat. They only enjoyed the fragrance...

परन्तु शहर में गरीब लोगों के पास खाने के लिए कोई भी स्वादिष्ट मिठाई नहीं थी. वे केवल मिठाईयों की खुशबू का ही आनंद ले सकते थे...



Kalu, the potter, made beautiful pottery, but he earned little money. That's why Kalu and his best friend Bib, the mouse only enjoyed the fragrance of sweets from the King’s palace.

कालू कुम्हार, सुंदर मिट्टी के बर्तन बनाता था, लेकिन वो बहुत कम पैसे कमाता था. इसलिए कालू और उसका सबसे अच्छा दोस्त बिब चूहा, महल से आने वाली मिठाइयों की खुशबू का केवल आनंद ही ले पाते थे.




One day Kalu said to Bib:
“I would like to taste the King’s sweets. But what can I do?”

एक दिन कालू ने बिब से कहा: “मैं राजा की मिठाइयां चखना चाहता हूं. बताओ मैं उसके लिए क्या कर सकता हूं?"




Bib thought a little and then said: “Make three beautiful jugs for the King’s family. And instead of money ask for some sweets.”

बिब ने थोड़ा सोचा और फिर कहा: “तुम राजा के परिवार के लिए तीन सुंदर सुराही बनाओ. फिर महल में पैसों के बदले तुम कुछ मिठाइयां मांग लेना.”




Kalu began to work and soon three wonderful jugs were ready. He went to the palace.

कालू ने काम शुरू किया और जल्द ही तीन अद्भुत सुराही बनाईं. उन्हें लेकर वो महल में गया.



The King, the Queen and the Prince liked the jugs very much. “What do you want for them?” asked the King.

राजा, रानी और राजकुमार को सुराही बहुत पसंद आईं. "तुम उनके लिए क्या चाहते हो?" राजा ने पूछा.




“I want some sweets for me and my friends.”

“Why not? My cooks will make plenty of sweets for you and all your friends. THIS IS MY PROMISE.”

"मैं अपने और अपने दोस्तों के लिए कुछ मिठाइयां चाहता हूँ."

"क्यों नहीं? मेरे रसोइए तुम्हारे और तुम्हारे सभी दोस्तों के लिए ढेर सारी मिठाइयां बनाएंगे. यह मेरा वादा है."




Bib bad many relatives and friends.
When Kalu told him about the King’s promise, Bib cried, “Follow me, my friends!”

बिब के कई रिश्तेदार और दोस्त थे. जब कालू ने उसे राजा के वादे के बारे में बताया, तो बिब चिल्लाया, "चलो, सभी मेरे पीछे आओ, मेरे दोस्तों!"



The mice attacked the dishes of sweets. But there were too many of them and the King got worried.

चूहों ने मिठाई के बर्तनों पर हमला कर दिया. लेकिन चूहे इतनी संख्या में थे कि उन्हें देखकर राजा चिंतित हो गया.



“How to get rid of the mice?”
he asked his wise men. “Let
us bring cats”, they advised.

"चूहों से कैसे छुटकारा पाएं?" उसने अपने
बुद्धिमान मंत्रियों से पूछा. "उनके लिए हम कुछ
बिल्लियां लानी होंगी," मंत्रियों ने सलाह दी.



The King ordered his servants to bring cats. They brought cats from every corner of the town.

राजा ने अपने सेवकों को बिल्लियां लाने का आदेश दिया. वे शहर के हर कोने से बिल्लियां लाए.



The cats did a very good job. Soon all the mice ran away from the palace.

बिल्लियों ने बहुत अच्छा काम किया. उन्होंने जल्द ही सभी चूहों को महल से भगा दिया.



But now the cats were the guests of the King. They sat on the King’s chairs and slept on the King’s pillows.

लेकिन अब बिल्लियां, राजा की मेहमान बन गईं. बिल्लियां राजा की कुर्सियों पर बैठने लगीं और राजा के तकियों पर सोने लगीं.



The King became angry. Again he called in his wise men. They advised, “Bring dogs to drive the cats away”.

राजा को बहुत गुस्सा आया. उसने फिर से अपने बुद्धिमान मंत्रियों को बुलाया. मंत्रियों ने सलाह दी, “बिल्लियों को भगाने के लिए हम कुत्ते लाएंगे.”




Black and brown, grey and white, barking and growling dogs came in. They chased the cats.

फिर काले और भूरे, सिलेटी और सफेद, भौंकने और गुर्राने वाले कुत्ते लाए गए. उन्होंने बिल्लियों का पीछा किया और उन्हें भगा दिया.



Now the dogs enjoyed living in the palace. They ate sweets from the King’s dishes and slept on the King’s beds. The dogs were happy, the King was sad.

लेकिन अब कुत्तों को महल में रहना अच्छा लगने लगा. उन्होंने राजा की थाली से मिठाइयां खाईं और राजा के बिस्तर पर सोए. अब कुत्ते बहुत खुश थे, लेकिन राजा उतना ही दुखी था.



The wise men advised to bring some tigers. The fierce beasts ran after the dogs. The frightened dogs left the palace.

फिर बुद्धिमान मंत्रियों ने राजा को कुछ बाघ लाने की सलाह दी. वे खूंखार जानवर कुत्तों के पीछे दौड़ेगे. और उनके डर के मारे कुत्ते महल छोड़कर भाग जायेंगे.



Now the tigers lived in the palace. They ate, drank and slept everywhere. The palace was full of bad smell. The King was horrified.

उसके बाद महल में बाघ रहने लगे. वे जहाँ मर्ज़ी चाहते खाते, पीते और सोते. उनसे पूरा महल दुर्गन्ध से भर गया. फिर राजा बहुत भयभीत हुआ.



The wise men advised, “Bring lions to drive away the tigers.” Lions were brought, big and fierce. And the tigers ran away as quickly as they could.

फिर बुद्धिमान मंत्रियों ने सलाह दी, "बाघों को भगाने के लिए शेरों को लाओ." उसके बाद शेर लाए गए, बड़े डरावने और खूँखार शेर. शेरों को देखकर सभी बाघ अपनी दुम दबाकर भाग गए.



Now the kings of the forest became the kings of palace. They sat and slept on the King's throne and the real King and his family had no rooms to live in.

उसके बाद से जंगल के राजा शेर, महल के राजा बन गए. वे राजा के सिंहासन पर बैठते और सोते थे. अब असली राजा और उसके परिवार के पास रहने के लिए कोई कमरा नहीं बचा था.



“What to do?” cried the King.

“We must find some small creatures who can harass even the lions. It is only the mouse. None else!”

"अब क्या करें?" राजा रोया.

“हमें कुछ ऐसे छोटे जीव ढूंढने होंगे जो शेरों को भी परेशान कर सकें. और वो जीव चूहों के अलावा और कोई नहीं है!”



Bib, the mouse was invited to the palace.

“I’m sorry,” said the King,“ that I ordered to bring cats to the palace. Help us!”

“We’ll help you,” said Bib. “But give US A PROMISE you will not call cats to drive us away.”

The King laughed and said: “Agreed. IT IS MY PROMISE.”

उसके बाद बिब चूहे को महल में बुलाया गया.

“मुझे खेद है,” राजा ने कहा, “मैंने महल में बिल्लियां लाने का आदेश देकर बड़ी गलती की. अब तुम हमारी मदद करो!"

"हम ज़रूर आपकी मदद करेंगे," बिब ने कहा. "लेकिन आप हमसे एक वादा कीजिए कि आप हमें भगाने के लिए दुबारा बिल्लियों को नहीं बुलाएंगे."

राजा हंसा और बोला: “मैं तुमसे पक्का वादा करता हूं.”



The mice attacked the lions. The huge fierce animals could do nothing. If four were thrown off, forty appeared, If forty were thrown off, four hundred appeared.

उसके बाद चूहों ने शेरों पर हमला बोल दिया. वे बड़े भयंकर शेर, चूहों का कुछ बिगाड़ नहीं कर सके. यदि वे चार चूहों को फेंकते, तो तुरंत चालीस और चूहे प्रकट हो जाते, यदि वे चालीस को फेंकते, तो चार सौ चूहे प्रकट हो जाते.



The mice prove the lions away into the forest.

फिर चूहों ने मिलकर शेरों को जंगल में भगा दिया.



The happy King gave a grand feast to the mice.

राजा ने खुश होकर चूहों को एक भव्य दावत दी.



Leaving the palace Bib said: “You can call us whenever you need... We will come. IT IS MY PROMISE!”

महल छोड़ते हुए बिब ने कहा: “जब कभी भी आपको जरूरत पड़े आप हमें बुलायें... हम ज़रूर आएंगे. यह मेरा वादा है!”